# छापेमारी में भारी मात्रा में नकली दवाइयां बरामद

Publish Date:Thu, 12 Sep 2019 06:29 AM (IST)



जहानाबाद। इन दिनों नकलची अपने कारोबार को विकसित करने के लिए हर क्षेत्र में मिलावट करने से परहेज नही कर रहे हैं। जीवन रक्षक दवाओं में भी बड़े ब्रांड के नाम पर मिलावट का गोरख धंधा चल

जहानाबाद। इन दिनों नकलची अपने कारोबार को विकसित करने के लिए हर क्षेत्र में मिलावट करने से परहेज नही कर रहे हैं। जीवन रक्षक दवाओं में भी बड़े ब्रांड के नाम पर मिलावट का गोरख धंधा चल रहा है। इस मामले में मंगलवार को एक बड़ा खुलासा तब हुआ जब आइटीसी कंपनी के अधिकारियों ने पुलिस पदाधिकारियों से अपने कंपनी के ब्रांड पर नकली दवा कारोबारियों द्वारा बेचे जाने का आरोप लगाया।इतना ही नहीं कपंनी के लोगों ने पुलिस के साथ छापेमारी में भी सहयोग करते हुए उस कमरे को चिन्हित किया जहां नकली दवा भारी मात्रा में रखा हुआ था। हालांकि पुलिस की आने की भनक कारोबारी को मिल गया था। परिणामस्वरूप वह गिरफ्त में नही आ सका। यदि कारोबारी की गिरफ्तारी हो जाती तो पुलिस के इस गोरख धंधे के मास्टर माइंड तक पहुंचने में आसानी होती।लेकिन फिलहाल पुलिस अन्य सभी बिदुओं पर जांच पड़ताल कर रही है।

इस संबंध में ओकरी ओपी अध्यक्ष चंद्रशेखर सिंह ने बताया कि उन्हें कंपनी के अधिकारी गौरव माथुर ने सूचना दी कि मोदनगंज बाजार में हमारे कंपनी का नकली दवा का कारोबार किया जा रहा है। सूचना के आधार पर बाजार में छापेमारी की गई और भारी मात्रा में सामानों की बरामदगी की गई। ओपी अध्यक्ष ने बताया कि उस कमरे से नकली पेंट के डिब्बे, नकली इंगेज बॉडी स्प्रे, कई रैपर के साथ-साथ भारी मात्रा में टोरेंट की लोसार एच के नाम से नकली दवा की बरामदगी की गई। एक व्यक्ति को हिरासत में लेकर पूछताछ चल रही है। उन्होंने बताया कि इस सिलसिले में आइटीसी कंपनी के अधिकारी गौरव माथुर के बयान के आधार पर मोदनगंज के ही महेंद्र प्रसाद समेत दो लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई गई है।

Posted By: **Jagran**

Source: https://www.jagran.com/bihar/jahanabad-massive-fake-medicines-recovered-in-raids-19565349.html